31. सूचना लेखन

औपचारिक भाषा में कम से कम शब्दों में दी जाने वाली लिखित जानकारी को सूचना लेखन कहते हैं। सूचना लेखन एक संक्षिप्त विधा है। इसके द्‌वारा अपने विचारों को संक्षेप एवं प्रभावशाली भाषा में व्यक्त किया जाता है। किसी कार्यालय, संस्था या विद्‌यालय संगठन को सूचित करने के लिए सूचना लेखन विधा का प्रयोग किया जाता है। इसके द्‌वारा किसी व्यक्ति या संगठन द्‌वारा जानकारी, चेतावनी या सार्वजनिक घोषणा की जाती है।

शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को सूचना लेखन के बारे में विस्तार से समझाएँ।
- सूचना लेखन की परिभाषा समझाते हुए उन्हें याद करने के लिए कहें।
- छात्रों को पाठ पृष्ठ पर दी गई सूचना लेखन संबंधी आवश्यक बातों से अवगत कराएँ।
- उन्हें इसका प्रारूप समझाएँ।
- पाठ पृष्ठ 233-234 पर दिए गए उदाहरणों को पढ़वाएँ एवं उन्हें समझाएँ।
- ध्यान दें कि छात्र सूचना लेखन के बारे में सही जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।
- ब्लैकबोर्ड पर किसी विषय पर सूचना लिखकर दिखाएँ तथा छात्रों को भी विभिन्न विषयों पर सूचना लिखने के लिए प्रेरित करें।
- पाठ से संबंधित दिए गए अभ्यास को करवाएँ तथा उचित सहायता करें।